विश्व जल दिवस पर महापौर और आयुक्त के निर्देश से पेयजल संबंधी शिकायतों के लिए भिलाई में जारी हुआ हेल्पलाइन नंबर

नगर/नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में पेयजल की शिकायतों से संबंधित संपर्क करने के लिए अब निगम दफ्तर आने की जरूरत नहीं है। दूरभाष पर ही इसकी शिकायतें दर्ज कराई जा सकती है और निगम के अधिकारी इन शिकायतों का समाधान करेंगे। महापौर नीरज पाल एवं आयुक्त प्रकाश सर्वे के निर्देश पर विश्व जल दिवस के दिन प्रत्येक जोन क्षेत्र के पेयजल संबंधित शिकायतों के लिए हेल्प नंबर जारी किया जा रहा है। नेहरू नगर जोन के लिए धनराज चौहान मोबाइल नंबर 8982235812, वैशाली नगर जोन क्षेत्र के लिए पुरुषोत्तम सिन्हा मोबाइल नंबर 8817910823, ललित शुक्ला मोबाइल नंबर 97705 78118, संतराम देवांगन मोबाइल नंबर 7389324105, मदर टेरेसा नगर जोन क्षेत्र के लिए श्याम ठाकुर मोबाइल नंबर 7389633642, शिवाजी नगर जोन क्षेत्र के लिए वेंकट राव मोबाइल नंबर 9111523860 एवं जोन क्रमांक 5 निगम क्षेत्र के लिए निरंजन असाटी मोबाइल नंबर 9993616050 से संपर्क कर सकते हैं। ग्रीष्म ऋतु प्रारंभ हो चुका है ऐसे में नागरिकों को पानी के लिए समस्या न हो इस पर नगर पालिक निगम भिलाई सतत कार्य कर रहा है। नगर पालिक निगम भिलाई दुर्ग जिले का ऐसा पहला निगम होगा जिसके अधीन दो बड़ी क्षमता के फिल्टर प्लांट स्थापित है और दोनों ही फिल्टर प्लांट शहरवासियों की प्यास बुझा रहे हैं। पेयजल के लिए अधिकारी लगातार फील्ड पर काम कर रहे है। जिन क्षेत्रों में पानी की समस्या उत्पन्न हुई थी उन क्षेत्रों में लगातार नगर पालिक निगम भिलाई के द्वारा पानी पहुंचाने का कार्य किया गया है। इंटरकनेक्शन से लेकर पाइप लाइन बिछाने का काम हुआ है। जिन मोहल्लों में पानी का प्रेशर नहीं पहुंचता था उन इलाकों में पानी पहुंचने लगा है। विश्व जल दिवस के अवसर पर महापौर एवं आयुक्त ने कहा कि पानी को जरूरत से अधिक एवं जरूरत से कम उपयोग नहीं करना चाहिए। वर्षा जल को संचय करने के लिए वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बेहद कारगर है, इसकी उपयोगिता को अपनाने की अपील निगम ने की है।